राज्य शिक्षा केन्द्र म.प्र. भोपाल

वार्षिक परीक्षा सत्र 2025-26

विषय-पर्यावरण अध्ययन

समय-$2\frac{1}{2}$ घण्टे **कक्षा-5** **पूर्णांक-60**

बहुविकल्पीय प्रश्न (प्रश्न 1-5)

निर्देश- सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-1 चींटियां अपना भोजन कैसे ढूँढती हैं? 1

(A) देखकर (B) सूँघकर

(C) सुनकर (D) बोलकर

प्रश्न-2 अधिकतर साँप किस प्रकार के होते हैं? 1

(A) जहरीले (B) बिना जहर वाले

(C) पानी वाले (D) उड़ने वाले

प्रश्न-3 अंकुरण के समय बीज को सबसे पहले किस चीज की आवश्यकता होती है? 1

(A) सूर्य का प्रकाश (B) हवा

(C) पानी (D) खाद

प्रश्न-4 सांची का स्तूप कौन से राज्य में स्थित है? 1

(A) राजस्थान (B) मध्यप्रदेश

(C) उत्तर प्रदेश (D) बिहार

प्रश्न-5 अफ़साना कहाँ की रहने वाली थीं? 1

(A) नागपुर (B) नागपाड़ा

(C) नासिक (D) पुणे

रिक्त स्थान (प्रश्न 6-10)

निर्देश- नीचे दिए गए रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न-6 पशुओ का शिकार करने वाले लोगों को__________कहते हैं। 1

प्रश्न-7 अचार रखने से पहले बर्तन को__________में सुखाते हैं। 1

प्रश्न-8 चट्टान से उतरने को__________कहते हैं। 1

प्रश्न-9 लद्दाख में लोग अपने घर ________ और ________ से बनाते हैं। 1

प्रश्न-10 फांद ली दीवार कहानी का मुख्य संदेश है कि आत्मविश्वास और मेहनत से समाज की हर __________ तोड़ी जा सकती है। 1

H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EV

अति लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 11-16)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक शब्द/वाक्य में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-11 हमें पानी बचाने की जरूरत क्यों है? 2

प्रश्न-12 पानी में कौन-कौन सी चीजें घुल जाती हैं, नाम लिखिए। 2

प्रश्न-13 जंगल के संरक्षण में महिलाओं की क्या भूमिका रही? 2

प्रश्न-14 भूकंप आने पर लिफ्ट का प्रयोग क्यों नहीं करना चाहिए? 2

प्रश्न-15 स्टील की भारी प्लेट पानी में तैरेगी या डूबेगी? 2

प्रश्न-16 कौन-कौन सी आदतें एवं गुण हम अपने आसपास से सीखते हैं? 2

लघु उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 17-22)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 30-40 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 3 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-17 छोटी आंत का मुख्य काम क्या है? 3

प्रश्न-18 अंतरिक्ष में कैसे कपड़े पहने जाते हैं? 3

प्रश्न-19 हमें सफाई कर्मचारियों के साथ कैसा व्यवहार करना चाहिए? 3

प्रश्न-20 घर उजड़ने पर बच्चों की पढ़ाई पर क्या असर पड़ा? 3

प्रश्न-21 मुकादम कौन होते हैं ? वह क्या काम करते हैं? 3

प्रश्न-22 वनों की सुरक्षा हम कैसे करेंगे? 3

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न (प्रश्न 23-26)

निर्देश- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर 70-80 शब्दों में लिखिए। प्रत्येक प्रश्न के लिए 5 अंक निर्धारित हैं।

प्रश्न-23 मलेरिया, डेंगू और चिकनगुनिया जैसी बीमारियां कैसे फैलती हैं? इनके लक्षण और उपाय लिखिए 5

प्रश्न-24 जब हम ठंडे और गर्म पानी में हाथ डालते हैं, तो हमें अलग अलग एहसास क्यों होता है? 5

प्रश्न-25 'किसानों की कहानी, बीज की जुबानी' पाठ मे किसानों की क्या परेशानी बताई गई है? 5

प्रश्न-26 आदिवासियों व अन्य की जंगल पर निर्भरता समान है या अलग-अलग, लिखिए? 5

------xxx------

H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EVS05755 H2026EV
H2026EVS05755
H2026EVS05755